**Dainik Bhaskar (Indore), 13th August 2022, Page-09**

IIT इंदौर का दीक्षांत समारोह आज

# डिग्री लेंगे 490 विद्यार्थी, छात्र सफेद कुर्ता-पायजामा और छात्राएं पहनेंगी सफेद साड़ी

इंदौर | भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान का 10वां दीक्षांत समारोह शनिवार को होगा। इसमें 490 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की जाएगी। इनमें 379 छात्रा और 111 छात्राएं हैं। डिग्री लेने सभी छात्र सफेद कुर्ता-पायजामा और छात्राएं सफेद साड़ी में आएंगी। आईआईटी इंदौर ने ऐसी ही वेशभूषा में दीक्षांत समारोह करने का बदलाव पिछले साल किया था। मुख्य अतिथि परमाणु ऊर्जा आयोग के पूर्व चेयरमैन पद्म विभूषण डॉ. अनिल काकोडकर होंगे। अध्यक्षता बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के चेयरमैन डॉ. दीपक पाठक करेंगे। समारोह का सीधा प्रसारण आईआईटी की वेबसाइट पर भी किया जाएगा। समारोह में बीटेक के 269 छात्र, पीएचडी के 61, एमएससी के 88, एमटेक के 65 और एमएस रिसर्च के 7 छात्रों को उपाधि दी जाएगी।

**सर्वाधिक पैकेज 62.5 लाख रुपए**

इस वर्ष आईआईटी में प्लेसमेंट के लिए 130 कंपनियां आईं। देश में दिए ऑफर में सर्वाधिक पैकेज 62.5 लाख रु. का था। अंतरराष्ट्रीय में सर्वाधिक पैकेज 48.2 लाख रुपए का रहा।